## फिर गहराया खाद संकट, कड़ाके की ठंड में खाद के लिए किसान कतार में

### उमरी वितरण केन्द्र में उमड़े किसान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जनवरी, खाद के लिये एक बार फिर मारामारी शुरू हो गई है. बोनी के बाद किसान यूरिया खाद के लिये इस कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे कतार में खड़ा होने को विवश है, बावजूद इसके खाद नही मिलती. टोकन आदि की अव्यवस्था से किसान एवं महिलाएं परेशान है.**

जिस तरह से धान में यूरिया खाद डालने के लिये नही मिल रही थी उसी तरह स्थित फिर से निर्मित हो गई है. गेंहू की बोनी करने के बाद यूरिया के लिये किसान भटक रहा है. सिरमौर के उमरी वितरण केन्द्र में सोमवार को सैकड़ो की संख्या में किसान पहुंचे. 5 डिग्री तापमान के ठंड में किसान सुबह पांच बजे से केन्द्र के बाहर कतार में खड़े रहे. जिसे दस बोरी खाद चाहिए उसे कई घंटे लाइन में लगे रहने के बाद दो बोरी मिली. रीवा के किसानों में खाद की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है. हर बार की तरह इस बार भी फसल की बोनी होने के बाद किसान अब खाद के लिए परेशान है. वितरण केंद्र में खाद के लिए किसान सुबह से ही लाइन लगाने को मजबूर है लेकिन पर्याप्त मात्रा में खाद ना मिलने से किसान बेहद ही परेशान है. जिले के सिरमौर जनपद अंतर्गत उमरी खाद वितरण केंद्र में खाद के लिए किसान परेशान होते नजर आए. यहां किसान सुबह 5 बजे से खाद पाने के लिए लाइन में खड़े रहे. किसानों की इस भीड़ में पुरुषों के साथ साथ महिलाएं भी खाद के इंतजार में खड़ी रही. बुजुर्ग किसान रामधनी ने कहा कि एक किसान को 20 से 25 बोरी खाद की जरूरत है लेकिन सिर्फ 2 से 3 बोरी खाद ही मिल रही है.

उन्होंने इस अव्यवस्था का जिम्मेदार सरकार को ठहराते हुए किसानों के साथ छलावा करना बताया है. वही भीड़ के बीच मौजूद महिला किसान ने कहा कि घर के सारे जरूरी काम छोड़कर वह सुबह से खाद के लिए लाइन में खड़ी है, लेकिन खाद नहीं मिल रही, उन्हें सिर्फ भटकाने का काम किया जा रहा है.

प्रशासन द्वारा यूरिया खाद को लेकर कोई व्यवस्था नही बनाई गई है. अकेले सिरमौर के उमरी केन्द्र में ही नही बल्कि जिले भर में खाद की भारी किल्लत है. यूरिया के लिये किसान भटक रहे है. बाजार में मंहगे दाम पर किसानो को खाद परोसी जा रही है.

## पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त करने पर किसी को बक्सा नहीं जाएगा : अजय

### महापौर अजय मिश्रा ने ली पेयजल की बैठक, पानी की रिपोर्ट देने 15 कर्मचारी तैनात, लीकेज बंद करने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जनवरी, नगर पालिक निगम रीवा के महापौर अजय मिश्रा बाबा ने जल प्रदाय को लेकर अधिकारियों की बैठक ली और कहा कि शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्याप्त जल उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है.**

बैठक में उन्होने निर्देशित किया कि जलकर वसूली कार्य में तैनात 15 कर्मचारियों प्रतिदिन शाम के समय विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें, कि वार्ड के किस क्षेत्र में गंदे पानी की समस्या आ रही है, कहां पाइप लाइन टूटी हुई है, किन क्षेत्रों में पानी का प्रेशर कम है साथ ही रिपोर्ट के आधार पर गठित टास्क फोर्स द्वारा जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए. महापौर ने निर्देशित किया कि निरंतर अंतराल में डब्ल्यूटीपी के जल की गुणवत्ता का परीक्षण



सुनिश्चित करें और शहर के सभी पार्षदों से समन्वय बनाकर उनके वार्ड में आ रहे गंदे पानी, लो प्रेशर से जुड़ी अन्य समस्याओं का तत्काल निराकरण करें एवं सीवर लाइन की खुदाई के दौरान यदि किसी भी स्थान पर जलप्रदाय की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होती है, तो संबंधित संविदाकार के विरुद्ध नियमानुसार पेनल्टी लगाई जाए. महापौर ने शहर के उन सभी क्षेत्रों की पहचान कर तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए, जहां जलप्रदाय की पाइप लाइन नाली के नीचे या नाली के अंदर से होकर गुजर रही है. उन्होंने कहा कि ऐसी सभी जगह पर पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य कर नल कनेक्शन किए जाय, बैठक के दौरान मेयर-इन-काउंसिल के सदस्य धनेन्द्र सिंह बघेल, श्रीमती रमा दुबे, रवि तिवारी, गुलाम अहमद, श्रीमती नजमा बेगम, श्रीमती सूफिया सहफूज खान, श्रीमती गायत्री लखन खण्डेलवाल एवं अधिकारीगण मौजूद रहे.

### अवैध नल कनेक्शन पर एफआईआर के निर्देश

सीवर कार्यों की समीक्षा करते हुए महापौर ने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में सीवर लाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है लेकिन रिस्ट्रोरेशन अभी तक नहीं हुआ है, वहां गुणवत्तापूर्वक कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए. महापौर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि बिना पीएचई एवं सीवर विभाग से एनओसी लिए बिना शहर में किसी भी सड़क का निर्माण कार्य न किया जाए. शहर में अवैध नल कनेक्शन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए.

### बिना अनुमति के खुदाई करने पर सख्त कार्यवाही करें

महापौर ने टेलीकॉम कंपनियों एवं गैस पाइप लाइन कंपनियों द्वारा नगर निगम की अनुमति के बिना शहर में खुदाई या कार्य करती पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए. मार्च माह के अंत तक रीवा शहर के 100 प्रतिशत नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करने के निर्देश दिए. इसके लिए अतिरिक्त टीमें, संसाधन बढ़ा कर कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए. शहर के सभी व्यावसायिक एवं आवासीय भवनों के अवैध नल कनेक्शनों की जॉच करने के निर्देश दिए एवं नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए.

## चोरी की नीयत से घर में घुसे तीन चोर, एक को ग्रामीणों ने पकड़ा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जनवरी, रीवा जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गेरुई गांव में चोरी करने की नियत से घर में घुसे एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा है जबकि उसके दो साथी भागने में सफल रहे हैं.**

स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि गेरुई निवासी सूर्यकांत वर्मा के घर में बीती रात्रि चोरों ने धाबा बोला और जैसे ही उनकी आहट घर में रह रहे लोगों को लगी तभी उन्होंने हल्ला गुहार करते हुए एक चोर को पकड़ लिया. जबकि उसके दो साथी भागने में सफल रहे. पकड़े गए युवक को ग्रामीणों ने अपनी कब्जे में रखा और गुढ़ पुलिस को सूचना दी. ग्रामीणों के चंगुल में फंसा चोर अपने आपको धर्मेंद्र पटेल निवासी गोरगांव का बता रहा था. जबकि साथियों का नाम आशीष पटेल सहित एक अन्य को बता रहा है. स्थानीय निवासियों ने बताया कि इन दिनों आसपास के क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं अभी दो दिन पहले एक मोटर पंप भीटी गांव से चोरी हुआ है लेकिन चोरों का पता नहीं चल पाया है. पकड़े गए आरोपी धर्मेंद्र पटेल ने बताया कि उसके साथी चोरी का सामान और नगदी बोरियों में भरकर बाईक सहित भाग गए हैं पकड़े गए आरोपी के कब्जे से एक लोहे की सब्बल भी बरामद की गई है. फिलहाल पुलिस आरोपी के बयान के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है.

## असद खान का मप्र. की टीम में चयन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जनवरी, म0प्र0 सिविल सर्विसेस टेबल टेनिस टीम हेतु 03 जनवरी को टी. टी. नगर स्टेडियम भोपाल में एक दिवसीय चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.**



जिसमें बघेलखण्ड के टेबल टेनिस के खिलाड़ी असद खान का चयन उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर किया गया. इसी महीने 12 से 16 जनवरी 2026 तक चण्डीगढ़ में अखिल भारतीय सिविल सर्विसेस टेबल टेनिस की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश भर के हर राज्यों से महिला एवं पुरूष खिलाड़ी भाग लेगे. चयन पर हर्ष व्याप्त है.

## संक्षिप्त

### संभागीय टीएल बैठक आज

**रीवा,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 6 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय में टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगे. बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, ई आफिस, संभागीय समीक्षा बैठक के निर्देशों में की गई कार्यवाही तथा कृषि आदान की समीक्षा की जाएगी. बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

### सामान्य सभा की बैठक अब 13 को

**रीवा,** जिला पंचायत की सामान्य सभा की 6 जनवरी को आयोजित होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है. इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि सामान्य सभा की बैठक अब 13 जनवरी को दोपहर एक बजे से आयोजित की जा रही है. जिला पंचायत सभागार में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल करेंगी. समिति के सभी सदस्यों तथा संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

### यूथ गेम्स की समीक्षा बैठक आज

**रीवा,** खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 10 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है. इसमें 27 तरह के खेलों की प्रतियोगिताएं विकासखण्ड, जिला, संभाग और राज्य स्तर में आयोजित की जाएंगी. यूथ गेम्स की तैयारियों की समीक्षा बैठक 6 जनवरी को दोपहर एक बजे से पुलिस कंट्रोल रूम के सभाकक्ष में आयोजित की जा रही है. बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान करेंगे. संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी ने यूथ गेम्स के आयोजन से जुड़े विभागों के अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है.

### निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य को सौंपा प्रमाण पत्र

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने उप निर्वाचन में जिले के वार्ड क्रमांक 16 से जिला पंचायत सदस्य के तौर पर निर्वाचित मृत्युंजय मुन्ना खैरा को प्रमाण पत्र प्रदान किया.

### मऊगंज में गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक कल

**मऊगंज,** कलेक्टोरेट सभागार मऊगंज में 7 जनवरी को कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में टीएल पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है. बैठक सुबह 11 बजे से आरंभ होगी. बैठक में आगामी 26 जनवरी को मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की जाएगी. अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने सभी संबंधित अधिकारियों से अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

### अधिकारियों की संयुक्त बैठक आज

**मऊगंज,** मऊगंज कलेक्टोरेट सभागार में 6 जनवरी को दोपहर एक बज से राजस्व तथा पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की जा रही है. बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति की अनुभागवार समीक्षा करेंगे. सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार तथा थाना प्रभारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक 08 को

**रीवा,** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोशियेशन जिला रीवा की कार्यकारिणी की बैठक 08 जनवरी को 01 बजे दोपहर से संघ कार्यलय कोठी कम्पांउण्ड रीवा मे आयोजित की गयी है. जिसमे कार्यकारिणी के सदस्य पदाधिकारियो के अलावा तहसील एवं विकास खण्ड शाखाओ के अध्यक्ष भी उपस्थित रहेगे. जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तीवारी ने सभी से बैठक मे उपस्थित होने की अपील की है.

### विश्वनाथ बने विहिप के विभाग मंत्री

**रीवा,** विश्व हिंदू परिषद की रीवा के सिंधु भवन में सम्पन्न हुई तीन दिवसीय प्रांतीय बैठक (महाकौशल प्रांत) में लिए गए निर्णय के बाद रीवा व मऊगंज जिले में संगठन को मजबूती प्रदान करने संगठन के प्रति क्रियाशील सदस्यों को नई जिम्मेवारी दिए जाने का निर्णय विहिप संगठन के केंद्रीय मंत्री, क्षेत्रीय संगठन मंत्री व प्रांत संगठन मंत्री के उपस्थिति में ली गई. जिसमें विश्वनाथ सिंह खारोल बाबा को रीवा-मऊगंज जिले का विभाग मंत्री का दायित्व सौंपा गया. नियुक्ति पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है.



धान उपार्जन की समीक्षा करती कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल

## प्राइवेट वारदाने में धान मिलने पर कलेक्टर ने दिए एफआईआर के निर्देश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जनवरी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल में धान उपार्जन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि खरीदी केन्द्रों में उपार्जित धान का तत्काल परिवहन सुनिश्चित करायें तथा सुरक्षित भण्डारण करायें.**

उन्होंने त्योंथर में परिवहनकर्ता को तीव्र गति से परिवहन के लिये निर्देशित किये जाने की बात कही. कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जिन खरीदी केन्द्रों में धान की मात्रा अधिक आ चुकी है वहां परीक्षण कर खरीदी समाप्त करायें. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि गठित दल द्वारा केन्द्रों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करायें कि सीमावर्ती राज्य से तो धान नहीं आ रही है. कलेक्टर ने गत दिनों प्राइवेट वारदानों में धान पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराने तथा नान एफएक्यू की धान उपार्जित किये जाने वालों के विरूद्ध भी पुलिस में एफआईआर कराने के निर्देश दिये. बैठक में बताया गया कि अभी तक 3 लाख 50 हजार मैट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है जिसमें से 2 लाख 70 हजार में टन धान का परिवहन हो चुका है.

### अब तक जिले में 3 लाख 50 हजार टन धान की हुई खरीद

जिले में 96 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है. जिले में 5 जनवरी तक 56654 किसानों से 3 लाख 50 हजार 212 टन धान का उपार्जन किया जा चुका है. अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि अब तक 65725 किसानों ने उपार्जन के लिए स्लॉट बुक किए हैं. कुल खरीदे गए धान में से 2 लाख 70 हजार 225 टन धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है. कुल खरीदी में से 3 लाख 37 हजार 818 टन धान परिवहन के लिए तैयार है. अब तक गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों में 95 प्रतिशत तथा समिति स्तरीय खरीदी केन्द्रों में खरीदी गई धान के 87 प्रतिशत के स्वीकृति पत्र जारी किए जा चुके हैं.

## संपत्तिकर बकायादारों को ननि ने दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जनवरी, नगर पालिक निगम रीवा द्वारा संपत्तिकर बकाया मामलों में सख्ती बरतते हुए 31 बकायादारों को अंतिम सूचना पत्र जारी किया गया है.**

48 घंटे का समय बकायादारो को दिया गया है उसके बाद कुर्की की कार्यवाही की जाएगी. दरअसल वित्तीय वर्ष समाप्त होने के पहले राजस्व लक्ष्य प्राप्त करने के लिये नगर निगम द्वारा बकायादारो पर शिकंजा कसने की कार्यवाही शुरू कर दी है. 31 ऐसे बड़े बकायादार है जिन्हे अंतिम नोटिस जारी की गई है. इसके पहले भी नोटिस जारी की गई थी, बावजूद इसके सम्पत्तिकर राशि का भुगतान नही किया गया. लिहाजा अब नगर निगम सख्त कार्यवाही करने के लिये तैयार है. गौरतलब है कि मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 173 के अंतर्गत देयक एवं धारा 174 के अंतर्गत मॉगपत्र एवं अंतिम सूचना पत्र द्वारा सूचित किया जाता रहा है, किन्तु संबंधित के द्वारा बिल, मॉगपत्र, अंतिम सूचना पत्र में वर्णित राशि जमा नही की गई, न ही कोई आपत्ति प्रस्तुत की गई, भुगतान नही करने का कोई कारण नही बताया गया तथा मॉग के विरूद्ध धारा 184 के प्रावधानों के अनुसार अपील प्रस्तुत नहीं की गई.

अंतिम सूचना पत्र जारी करते हुए सूचित किया जाता है कि उल्लेखित देय राशि का भुगतान, सूचना पत्र प्राप्ति दिनांक के 48 घंटे के अंदर नगर पालिक निगम रीवा कोष में जमा कर रसीद प्राप्त कर लें नही तो कार्यवाही की जाएगी.

नगर निगम राजस्व लक्ष्य प्राप्त नही कर पाया है जबकि तीन माह शेष है. ऐसे में बकायादारो के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही अब की जाएगी. नोटिस देकर समय दिया गया है उसके बाद कार्यवाही को अमली जामा नगर निगम पहनाएगा.

## मऊगंज में 1.23 करोड़ का खनिज राजस्व प्राप्त

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 5 जनवरी, नवगठित मऊगंज जिले में खनिज प्रमुख उद्योग है. फर्शी पत्थर तथा अन्य खनिजों से जिले को लगातार आय प्राप्त हो रही है.**

खनिज विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य से अधिक राजस्व की प्राप्ति की गई है. इस संबंध में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बताया कि खनिज विभाग को दिसम्बर माह के लिए एक करोड़ 22 लाख रुपए के खनिज राजस्व का लक्ष्य दिया गया था. इसके विरूद्ध खनिज विभाग ने 31 दिसम्बर तक एक करोड़ 23 लाख 53 हजार 327 रुपए का खनिज राजस्व प्राप्त किया है. खनिज विभाग द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में 6 करोड़ 5 लाख रुपए का खनिज राजस्व प्राप्त किया गया है. खनिज, पुलिस तथा राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, भण्डारण और परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है.

## कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करें : प्रतिभा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जनवरी, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी अधिकारी कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करें.**

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इसकी हर माह समीक्षा की जा रही है. इसके साथ-साथ विभागीय रैंकिंग में सुधार के प्रयास करें. सभी एसडीएम अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित खण्ड स्तरीय समिति की बैठक प्रत्येक त्रैमास में आयोजित करें.

संबंधित अधिकारी सड़क सुरक्षा समिति, जिला पोषण समिति, जिला स्वास्थ्य समिति तथा अन्य समितियों की हर माह बैठक आयोजित कराकर कार्यवाही विवरण ऑनलाइन दर्ज कराएं. उप संचालक कृषि प्राकृतिक खेती के लिए पंजीकृत 1750 किसानों द्वारा ली गई फसलों की जानकारी प्रस्तुत करें. ड्रिप इरिगेशन में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति कराएं.

## लापरवाह तीन परियोजना अधिकारियों को नोटिस के निर्देश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जनवरी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें.**

इसके साथ दिसम्बर माह में दर्ज शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें. विकासखण्ड स्तर पर शिविर लगाकर शिकायतों का निराकरण करें. पेंशन तथा अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित शिकायतों का तत्काल



निराकरण कराएं. जिला आपूर्ति अधिकारी खाद्यान्न पर्ची और खाद्यान्न वितरण से जुड़ी शिकायतों का तत्परता से निराकरण करें. कार्यपालन यंत्री पीएचई बिगड़े हैण्डपंपों का अभियान चलाकर सुधार कराएं. नलजल योजनाओं तथा हैण्डपंपों के सुधार से संबंधित शिकायतों का निराकरण करें. अधीक्षण यंत्री पीएचई कंदैला समूह नलजल योजना में कार्यरत वाल्व ऑपरेटरों की मजदूरी का भुगतान न करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें.

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर परियोजना अधिकारी जवा, सिरमौर तथा रीवा ग्रामीण को कारण बताओ नोटिस दें. सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा आयुक्त नगर निगम पेयजल स्त्रोतों की जाँच करा लें. बैठक में अधिकारी मौजूद रहे.

## छोटी पुल से छलांग लगा रही लड़की को युवतियों ने बचाया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जनवरी, शहर के बीच से होकर गुजरने वाली बीहर नदी की छोटी पुल में आज उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक लड़की ने पुल से कूदने की कोशिश की.**

इससे पहले की लड़की मौत की छलांग लगाती तभी दो युवतियां रक्षक बनकर मौके पर पहुंची और लड़की को पकड़कर उसकी जान बचा ली. इस दौरान देखते ही देखते लोगो की अच्छी खासी भीड़ मौके पर जमा हो गई. युवतियों ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी जहां से पुलिस लड़की को अपने साथ थाना ले गई. बताया जा रहा ही की पीड़ित लड़की मानसिक रोग से ग्रसित है जो घर से चोरी छिपे निकलने के बाद छोटी पुल में पहुंची थी. दरअसल घटना सोमवार की सुबह शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित छोटी पुल की है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक छोटी पुल के ऊपर से एक लड़की नदी में छलांग लगाने की कोशिश कर रही थी, तभी वहां से गुजर रही दो युवतियों की नजर उस पर पड़ी, जिन्होंने बिना कुछ सोचे समझे लड़की को पकड़ कर उसकी जान बचा ली. बताया जा रहा है की लड़की अपने परिवार के साथ शहर के ही नए बस स्टैंड के समीप रहती है, जो मानसिक रोग से ग्रसित है. फिलहाल लड़की को सिविल लाइन थाने लाकर उसके परिजनों को बुलाया गया, जहां लड़की को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया. घटना स्थल पर सैकड़ो लोग तमाशा देखने के लिये एकत्र हो गये, लेकिन बचाने कोई नही पहुंचा.

## संगठन ढांचे को मजबूत बनाने कांग्रेस की हुई मंथन बैठक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जनवरी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन सृजन के अंतर्गत ग्राम स्तर से लेकर शहरी क्षेत्रों मे वार्ड वार संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में बैठक हुई.**

विधानसभा क्षेत्र सिरमौर, सेमरिया, त्योंथर, मनगवां, गुढ़ एवं रीवा के ब्लॉक अध्यक्षों तथा ब्लॉक प्रभारियों की विधानसभा वार बैठकें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई. उपस्थित विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक प्रभारियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुए इंजी. श्री शर्मा ने कहा कि हमें अपने संगठन के ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर तक कमेटियों का गठन करना अनिवार्य हो गया हैं.